पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-2 बुधवार, दिनांक-23 फरवरी, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.15 बजे अपराह्न तक ।

(1) प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 03 अल्सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 14 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक-11 जल संसाधन विभाग को स्थानांतरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक-12 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(v) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vi) 58 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) शून्यकाल :-

आसन द्वारा शून्यकाल से संबंधित बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 23 (क) से माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया । तदुपरांत शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह (ii) श्री अख्तरूल ईमान

माननीय सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह के शून्यकाल की सूचना पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घटना की उच्चस्तरीय जाँच करवाकर प्राप्त प्रतिवेदन पर कारवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया ।

(3) ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) सर्वश्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, दिनकर राम एवं अन्य चार सभासदों की नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पढ़ा गया और जिसके उत्तर के लिए माननीय मंत्री श्री वृषिण पटेल द्वारा दिनांक 09.03.2011 तक का समय लिया गया ।

(ii) श्रीमती पूनम देवी, स०वि०स० की नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्या द्वारा पढ़ा गया तथा जिसके उत्तर के लिए माननीय मंत्री वृषिण पटेल द्वारा दिनांक 09.03.2011 तक का समय लिया गया ।

(4) <u>सभा मेज पर कागजातों का रखा जाना</u> :-

माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2010-11 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

माननीय सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा महामहिम राज्यपाल द्वारा अपनी अनुमति दो विधेयकों पर रोके जाने के विषय पर आसन से आज नियमन दिए जाने के सम्बंध में जानकारी मांगी गई जिसपर आसन द्वारा कल सूचना दिए जाने की घोषणा की गई ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 4.00 बजे अप० तक ।

(5) <u>महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद</u> :-

माननीय सदस्य श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा पक्ष रखा । माननीय सदस्य श्री विनोद नारायण झा ने धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए अपना पक्ष रखा ।

आसन से घोषणा की गई कि माननीय नेता विरोधी दल श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, श्री अवधेश कुमार राय, स०वि०स० एवं श्री जाकिर हुसैन खान, स०वि०स० द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रस्तुत संशोधन, श्री जाकिर हुसैन खान के क्रमांक 24 एवं 25 को छोड़कर नियमानुकूल होने के कारण स्वीकृत किया जाता है तथा इसे पढ़ा हुआ माना जाय ।

तदुपरांत माननीय नेता विरोधी दल द्वारा अपना संशोधन प्रस्तुत करते हुए पक्ष रखा गया ।

इसके उपरांत माननीय सदस्य श्री जितेन्द्र कुमार ने वाद-विवाद में भाग लिया ।

आसन से घोषणा की गई कि वाद-विवाद कल भी जारी रहेगा ।

(6) <u>निवेदन</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 02 निवेदनों को सदन सभा की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक 24.02.2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-23.02.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।